# बैंक को दूसरी जगह ले जाने की हो रही तैयारी,ग्राहकों में आक्रोश

**नवभारत न्यूज**

**उचेहरा 7 फरवरी, नगर की एस बी आई शाखा को विभाग के आला अधिकारी अपने ग्राहको की सुरक्षा को बलाये ताक रख ऐसी जगह शिप्ट करने की तैयारी कर रहे हैं वह सम्भावित जगह रेलवेगेट और रामपथ गवन मार्ग ( हाइवे ) के पास की है यह एरिया सुरक्षा के लिहाज से बिल्कुल उचित नही माना जा रहा.**

वजह आये दिन लूट पाट की घटनाओं का इजाफा होने का कारण माना जा रहा है बस इसी बात को लेकर बैंक के ग्राहको सहित नगर में बैंक प्रबंधन की मनमानी को लेकर काफी आक्रोश है। वर्तमान समय में बाउली चौराहे के पास बैंक की शाखा है उसके पास ही 2 और बैंक अन्य बैंक संचालित हो रही है । अभी तक रिकार्ड के मुताबिक कोई बड़ी अनहोनी यहां नही घटित हुई जो समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी हो । माना जाय तो बैंक एक भी ब्यवसायिक संस्था है जो ग्राहको की सुविधा और सुरक्षा दोनो बराबर का मापदंड तय करती है लेकिन यहां तो ग्राहको की सुरक्षा को बलाये ताक रख सम्भवत: बैंक प्रबंधन इस तरह का निर्णय ले रहा है। अगर हम रेल्व प्रशासन की बात करें तो वह




अपनी पैसेंजर की सुविधा और संरक्षा का पूरी तरह ख्याल रख कोई योजना बनाता है बस इन्ही कारणों से नगर में इन दिनों तरह – तरह की चर्चाओ का बाजार गर्म हैं। जिम्मेदारो से समाचार पत्रों के माध्यम से जनता द्वारा सीधे सवाल पूंछे जा रहे हैं बैंक प्रबंधन को अपना भी पक्ष रखते चुप्पी तोड़ना चाहिए जिससे अपने ग्राहकों में कोई संशय की स्थित पैदा ही न हो । पेंशनर्स समाज ,व्यापारी बन्धु ,ने अनुविभागीय अधिकारी को बीते दिनो इन्हीं समस्याओं का ज्ञापन दिया था । ग्राहको के हित को देखते अनुविभागीय अधिकारी सुमेश दुवेदी ने थाना सहित बैंक प्रबंधन के आलाअधिकारियों को ग्राहको की मन: स्थित से लिखित रूप से अवगत करा चुके हैं। सूत्रों की माने तो थाना से भी भविस्य की सुरक्षा को लेकर लिखित पत्र जिले के अधिकारियो को भेजा जा चुका है ।अब देखना यह होगा कि बैंक प्रबंधक ग्राहकों के हित मे कैसा निर्णय लेते है।

चर्चा के दरमियान कई ऐसे भी ग्राहक मिले जिन्होंने नाम का छापने की शर्त पर साफ शब्दों में कहा कि हमारी सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर लेगा कौन .

### उचेहरा की शाखा रगला पंचायत हो रही शिप्ट

जैसा कि इन दिनों नगर में चर्चा है उस हिसाब से अब जहां बैंक शिफ्ट हो रहा है वह एरिया रगला पंचायत में आता है ,कही न कही ऋक्क्ष्ढ्ढ की गाइड लाइन का सीधा उलंघन माना जा रहा है।



## अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ अभिनन्दन

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 7 फरवरी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्टीय अध्यक्ष डॉ रघुराज किशोर तिवारी के अभिनंदन समारोह आज भाजपा कोटर मंडल अध्यक्ष रामकृष्ण तिवारी के द्वारा आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विजय तिवारी , जिलामंत्री दीपनारायण सिंह , नगर परिषद अध्यक्ष राजमणि सिंह , उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामदयाल पयासी , सभापति राजेंद्र गौतम , पार्षद पंकज कुशवाह, शांति स्वरूप अग्रवाल, आंनद पाठक, सुरेश पयासी, अनूप तिवारी सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता और क्षेत्र के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

## व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**सतना 7 फरवरी, शा उ मा वि सज्जनपुर के व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अध्यनरत कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने आर्ट ईचोल मैहर का औद्योगिक भ्रमण किया .**

आर्ट ईचोल गैलरी में विद्यार्थियों ने कला के बेहतरीन दृश्य देखे जिन्हें देश और विदेश के कुशल कलाकारों द्वारा सृजित किया गया था द्य ऐसी वस्तुए जो सामन्यत: फेंक दी जाती है उनका किस तरह से प्रयोग करके सजावट या उपयोगी वस्तुओं के रूप में बदला जा सकता है यह हुनर विद्यार्थी ने सीखा द्य विद्यालय की प्राचार्या विभा



शुक्ला ने व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए भ्रमण मे साथ रहते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया द्य रिटेल ट्रेड के प्रशिक्षक विवेक कुमार सेन और ब्यूटी एंड वेलनेस की प्रशिक्षिका रजनी तिवारी ने व्यावसाय से संबन्धित बारीकियों को समझाया, साथ ही विद्यालय के शिक्षक रामकृष्ण गुप्ता ने बताया की व्यावसायिक शिक्षा के कारण आज पूरे भारत में विद्यार्थी देश में नए रोजगार उत्पन्न कर अपने पैरों में खड़े हो रहे हैद्य पूजा सिंह , नीलेश पाठक,किरण द्विवेदी, राजकुमारी सिंह, रागिनी गर्ग, पंकज सोनी के सहयोग से भ्रमण का उद्देश्य सफ़लतापूर्वक पूर्ण किया गया.

## बिहरा के पूर्व सरपंच काशी प्रसाद पाठक को पुत्र शोक

**कोटर 7 फरवरी,** बिहरा के पूर्व सरपंच काशी प्रसाद पाठक बिहरा के छोटे पुत्र कृष्ण किशोर पाठक की दुर्घटना में फरीदाबाद दिल्ली



में आज आकस्मिक दुग्खद निधन हो गया है ।जिस खबर से पाठक परिवार बिहरा में शोक की लहर छा गई है । दाह संस्कार कल रविवार को बिहरा में होने कि सम्भावना है जबकि पूर्व सरपंच काशी प्रसाद भी बीमार हालत में फरीदाबाद में थे भगवान पूरे परिवार को दुख कि घड़ी में शांति प्रदान करें।

## अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन की झाली की इकाई गठित

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 8 फरवरी, ग्राम पंचायत झाली में अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह संगठन ने बैठक आयोजित कर संगठन की इकाई का गठन किया गया ।**

अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्मस्थली के जीणोद्धार के उद्देश्य को पूरा किए जाने को लेकर संगठन इन दिनों फिर से तेज गति से सक्रिय है और क्षेत्र में सभी जगह बैठकर आयोजित कर ग्राम इकाइयों का गठन कर रहा है। जिससे कि अधिक से अधिक लोग संगठन से जुड़ सकें। आज संगठन के मुख्य संरक्षक चंद्रमौलेश्वर प्रताप सिंह जयदीप सिंह सहित संगठन के अन्य सदस्य




नीरज सिंह जितेंद्र सिंह अजय विश्वकर्मा शैलेंद्र सिंह बबलू सिंह आलोक सिंह सहित कई अन्य सदस्यों की मौजूदगी में ग्राम झाली में ग्राम इकाई का गठन करते हुए वीरेंद्र सिंह मुंशी को मुख्य संरक्षक बनाया गया, श्रीकांत मिश्रा को ग्राम इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया वहीं भगवान दास विश्वकर्मा को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई सौरभ सिंह आशु को सहसंयोजक बनाया गया और नरेंद्र सिंह को सचिव नियुक्त किया गया जय मंगल सिंह जी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई वहीं रामू सिंह अजीत सिंह को उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह जी को सह सचिव की जिम्मेदारी दी गई उपेंद्र सिंह को संगठन का सदस्य मनोनीत किया गया साथ ही अन्य लोगों को संगठन का सदस्य नियुक्त करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई संगठन ने अपने उद्देश्य को बताते हुए बताया कि अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ना और जन्मस्थली को संरक्षित किए जाने के लिए धनराशि एकत्रित कर अपने उद्देश्य को मूर्त रूप देकर एक समाज में मिसाल कायम करनी है क्योंकि बाबा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह इस भरत भूमि के मुक्ति मंत्र के नायक हैं उनकी यादगार आगे आने वाली पीढ़ी के लिए सदैव स्मरण रहे इस उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए संगठन द्वारा अब गांव गांव जाकर ग्राम इकाइयों का गठन किया जा रहा है।



## ग्रामोदय विवि के पर्यावरण विद्यार्थियों ने सीमेंट निर्माण प्रक्रिया को जाना

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट, 7 फरवरी, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संचालित एमएससी पर्यावरण पाठयक्रम के विद्यार्थियों ने कल स्टडी टूर के अंतर्गत बिरला कारपोरेशन लिमिटेड सतना का भ्रमण कर सीमेंट निर्माण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से जाना और समझा।**

ऊर्जा और पर्यावरण विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो साधना चौरसिया के नेतृत्व में बिरला सीमेंट फैक्ट्री पहुंचे विद्यार्थियों के समूह ने सीमेंट फैक्ट्री में होने वाले प्रमुख प्रदूषण तथा प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रयोग होने वाले उपकरणों की क्रिया विधि के व्याहारिक पक्ष को समझा। विद्यार्थियों ने बिरला सीमेंट फैक्ट्री के तकनीकी अधिकारियों और विशेषज्ञों से जल के पुन: उपयोग, हरित पट्टी अपशिष्ट विहीन कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की।

## दलित-आदिवासी बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

**नवभारत न्यूज**

**मुकुंदपुर 7 फरवरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खजुरी सुखनंदन में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हालात में है। जनपद पंचायत अमरपाटन, मैहर / सतना, मध्य प्रदेश स्थित इस विद्यालय में कमरों की भारी कमी के कारण एक ही कक्षा-कक्ष में दो-दो कक्षाओं के छात्र-छात्राएं बैठने को मजबूर हैं।**

विद्यालय का एक भवन पूरी तरह जर्जर, जीर्ण-शीर्ण और कभी भी हादसे को दावत देने वाला बन चुका है। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर स्थिति की लिखित जानकारी शाला प्रमुख द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी सतना, एसडीएम अमरपाटन और कलेक्टर मैहर को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन आज तक न तो भवन की मरम्मत हुई और न ही नया भवन स्वीकृत किया गया। ग्रामीणों और अभिभावकों का



साफ कहना है कि इस विद्यालय में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे गरीब, हरिजन और आदिवासी समुदाय से आते हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं - क्या गरीब वर्ग के बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का अधिकार नहीं है? एक कमरे में दो कक्षाएं चलने से न तो बच्चों को ठीक से पढ़ाई मिल पा रही है और न ही शिक्षक ध्यान दे पा रहे हैं। बरसात के मौसम में जर्जर भवन में बैठना बच्चों की जान के साथ खुला खिलवाड़ है।

संविधान के अनुच्छेद 21ए के तहत प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन यहां शासन-प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ नजर आ रहा है। ग्रामीणों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने मध्यप्रदेश शासन एवं मुख्यमंत्री से मांग की है कि- विद्यालय के लिए नया सुरक्षित भवन तत्काल स्वीकृत किया जाए ,अतिरिक्त कक्षा-कक्ष और शिक्षकों की समुचित व्यवस्था की जाए और जर्जर भवन में पढ़ाई पर तुरंत रोक लगाई जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही प्रशासन जागेगा? या फिर इन मासूम बच्चों को उनका हक समय रहते मिलेगा? वहीं मध्यान्ह भोजन में स्व सहायता समूह के द्वारा परोसा जा रहा घटिया भोजन पौष्टिकता का ध्यान तो बिल्कुल नहीं दिया जाता। हां यह जरूर है कि स्व सहायता समूह के संचालक की अर्थव्यवस्था बेहतर जरूर हो गई है मकान आलीशान महलों में तब्दील हो गया।

### जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ लक्ष्मी प्रसाद करोसिया का निधन

**सतना,** जिला जनसंपर्क कार्यालय सतना में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 श्री लक्ष्मी प्रसाद करोसिया का शनिवार की रात्रि 9 बजे निधन हो गया है। उनका उपचार बिड़ला हॉस्पिटल सतना में चल रहा था। जिला जनसंपर्क परिवार ने गहन शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की है .



## रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन उमड़ा श्रद्धालुओं में भक्ति का सागर

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 7 फरवरी, ग्राम लुढौती में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत आज छठवें दिवस कथा का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन संपन्न हुआ।**

प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता आचार्य विपिन कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। आज कथा के दौरान विशेष रूप से रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं भक्तिरस से ओत-प्रोत वर्णन किया गया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो उठे ।कथा स्थल पर भजन-कीर्तन एवं संगीतमय प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने हाथ उठाकर



हरि नाम संकीर्तन में सहभागिता निभाई। आयोजन में यज्ञाचार्य पं. ज्योतिषी राघव शरण महाराज के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम मे अन्य संत-महात्माओं का भी सान्निध्य प्राप्त हो रहा है।

आयोजन मंडल की ओर से यज्ञ संरक्षक श्री सीताराम जी, यज्ञ सेवक पं. सुरेश तिवारी ( सीताराम महाराज) एवं ग्राम व क्षेत्रवासियों द्वारा इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी से मिले किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष

### किसानों की समस्याओं और जिले की राजनीतिक स्थिति से कराया अवगत

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 7 फरवरी, जिला किसान कांग्रेस कमेटी सतना के अध्यक्ष संतोष पांडे ने मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी से राजधानी भोपाल में मिलकर सतना जिले की राजनीतिक गतिविधियों की चर्चा कर वर्तमान की वस्तु स्थिति से अवगत कराया।**

जिला अध्यक्ष संतोष पांडे ने श्री चौधरी को अपने जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर एक प्रतिवेदन भी दिया साथ ही बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सतना जिले के सभी विधानसभाओं में पिछले 6 से 13 जनवरी तक किसान जन आंदोलन यात्रा निकाली गई



जिसमें क्षेत्र की तमाम समस्याएं निकलकर सामने आई इसके उपरांत पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित जिले के तमाम नेताओं एवं आमजन मानस की मौजूदगी में एक किसान आंदोलन सभा का आयोजन किया गया और प्रदेश सरकार के खिलाफ हुंकार भरी गई जिसमें जिले के सभी जगह से कई हजारों की संख्या में किसान सम्मिलित हुए। श्री पांडे ने अपनी पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों को अवगत कराते हुए कांग्रेस संगठन के विषय में विस्तार से जानकारी दी साथ ही किसान कांग्रेस के पदाधिकारी द्वारा जिले में लगातार किए जा रहे कार्यों के विषय में बताया इस दौरान उनके साथ जिला किसान कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बृजेश गर्ग सोनू भी मौजूद रहे।



## मतदाता सूची में मिस मैच, सुधार के लिए सत्यापन शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**रामनगर 7 फरवरी, मैहर जिला तहसील रामनगर अंतर्गत निर्वाचन नामावली में त्रुटियों का सत्यापन व सुधार कार्य जारी है, जिसके तहत सत्यापन अधिकारी, सुपरवाइजर, बूथ लेबिल अधिकारी उपस्थिति होकर सम्बन्धित मतदाताओं की नामावली में सुधार, सत्यापन की कार्यवाही कर रहे है.**

ग्राम पंचायत देवरी कलां में मतदाता सूची में दर्ज मिसमैच मतदाताओं के अभिलेखों, दस्तावेजो का सत्यापन कार्य सत्यापन अधिकारी नायब तहसील दार ललित धार्वे , सेक्टर सुपरवाइजर पटवारी राजकमल त्रिपाठी, बीएलओ शिव ब्रह्म नारायण मिश्रा, पंचायत सचिव प्यारे लाल पटेल, दलों के बीएलए व सम्बन्धित मतदाताओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## जेई ताला पर गंभीर रोगी ने लगाया गंभीर आरोप

### बिल माहवार जमा होने के बाद भी विद्युत से वंचित कर किया जा रहा एक माह से परेशान

**नवभारत न्यूज**

**मुकुन्दपुर 7 फरवरी, जहां मध्यप्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव बिजली हर घर को देने का सख्ती के साथ आदेश कर रखे हैं वहीं मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिजली विभाग के जेई ताला के द्वारा मनमानी तरीके से अवैध वसूली के चलते पैरालाइज्ड एवं हृदयरोगी पूर्व सरपंच सत्येन्द्र सिंह ग्राम भंड़रा का घरेलू कनेक्शन जेई ताला के द्वारा काट दिया गया है।**

जबकि उपभोक्ता माहवार विद्युत बिल जमा कर रहा है। उपभोक्ता के द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि गांव के कुछ सरहंगो के कहने पर विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। जबकि उपभोक्ता पैरालाइज्ड एवं हृदयरोग से ग्रसित है।

इस बात की जानकारी जेई ताला को है। उपभोक्ता के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध भारी-भरकम राशि उक्त जेई के द्वारा मांग की जा रही है ।जिसकी शिकायत उपभोक्ता के द्वारा बिजली विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई है जिसकी शिकायत पंजीयन क्रमांक 36517114 है वहीं मध्य प्रदेश विद्युत विभाग शिकायत क्रमांक 13663697 और हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत नंबर 1389004044मे की गई है।

उपभोक्ता पैरालाइज्ड एवं हृदयरोग से ग्रसित होने के कारण व घर में अकेले होने के कारण अपने आपको बहुत कमजोर मान रहा है और घबराहट बड़ रही है।

बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ता को मानसिक रूप से टार्चर किया जा रहा है ।ऐसी दशा में यदि समय रहते विद्युत कनेक्शन नहीं किया जाता है तो कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी ऐसा परिजनों के द्वारा कहा सुना जा रहा है।

## कलश यात्रा के साथ गोरइया के सती माता मंदिर प्रांगण में शुरू हुई श्री राम कथा

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 7 फरवरी, स्वामी जगतानंद महाराज की असीम कृपा एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कुरारा गांव की रहने वाली कथा वक्ता श्री निशि दीदी के मुखारविंद से शनिवार 7 फरवरी से गोरइया ग्राम के सती माता मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जो 15 फरवरी तक चलेगा 16 फरवरी को विशाल भंडारा मंदिर प्रांगण पर आयोजित किया जाएगा ।**

श्री राम कथा प्रारंभ होने के पूर्व गाजे बाजे के साथ गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें



सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे सभी शामिल हुए इसके उपरांत निशि दीदी द्वारा श्री राम नाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कथा का श्री गणेश किया गया सभी ने श्री राम संकीर्तन किया परम प्रभु श्री राम की आरती के उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया प्रथम दिन के आयोजन में सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे एवं ग्रामवासी सहभागी रहे आयोजन समिति ने समस्त भगवत प्रेमियों एवं क्षेत्र वासियों से कथा श्रवण कर भंडारा प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।




## पूर्व सांसद से किया सौजन्य मुलाकात

**सतना 7 फरवरी,** आज रीवा जिले के पूर्व सांसद देवराज सिंह पटेल जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान के सदस्य नंदकिशोर सिंह पटेल नंदू भैया सौजन्य मुलाकात किया। इस अवसर पर सामाजिक सरोकारों, क्षेत्र के विकास एवं समसामयिक राजनीतिक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा आगामी राजनीतिक दिशा-दृष्टि पर उनका अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जनपद सदस्य नंदकिशोर सिंह पटेल 'नंदू भैया' ने उनका आशीर्वाद लेकर समाज व क्षेत्र की सेवा हेतु निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प व्यक्त किया।

## प्रस्तुत किया बजट भारत के भविष्य को सशक्त बनाएगा : गणेश सिंह

### आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद गणेश सिंह ने 2026-27 के लिए पेश किए बजट की जानकारी दी

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 7 फरवरी, देश में 2026-27 के लिए प्रस्तुत किए गए बजट 2026 के बारे में जानकारी देते हुए सांसद गणेश सिंह ने बताया कि हर नागरिक के सपनों, आकाक्षाओं और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है जो गरीब, किसान, युवा , महिला, मध्यम वर्ग और उद्यमी सशक्तिकरण को दिखाता है।**

यह बजट महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आर्थिक भागीदारी, तकनीकी नेतत्व और वैश्विक तक महिलाओं की भूमिका को विस्तार देगा। इस बजट में स्वास्थ्य के खर्च को कम करने के लिए सरकार ने दवाओं पर लगने वाले शुल्क में कटौती की है, कैंसर की 17 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क शून्य या बहुत




कम कर दिया है। सरकार शिक्षा को रोजगार और उद्यम के साथ जोड़ने पर जोर देगी। श्री सिंह ने बताया कि किसानों की आय में वृद्धि के करने और कृषि को आधुनिक बनाने के लिए यह बजट अत्यंत सकारात्मक है। इसी तरह उच्च मूल्य वाली खेती को बढ़ावा देने के लिए नरियल, चंदन, कोको और काजू जैसी फसलों के लिए विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है। पर्यटन के क्षेत्र में आईआईएम के सहयोग से 10 हजार गाइडों के कौशल उन्नयन और खेलो इण्डिया मिशन के माध्यम से अगले दशक में खेल क्षेत्र में बदलाव लाने का लक्ष्य युवाओं को नहीं दिशा देगा। महिलाओं की सुविधा और कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए बजट में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है यहीं नहीं देश के प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास की स्थापना का पस्ताव है जहां पर महिलांए रहने के साथ-साथ ट्रेनिंग भी लेंगी। इसी तरह लखपति दीदी योजना पर आधरित सामुदायिक स्व-सहायता समूह उद्दम स्थापित करने का प्रस्ताव हैजिससे महिलाओं को केडिट -लिंक्ड आजीविकासे उद्दम स्वामित्व की जोर में मदद मिलेगी। सांसद गणेश सिंह ने बताया कि देश के 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों को स्वीकृत कर मछली पालन प्रक्षेत्र को सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया है। देश की सुरक्षा को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने के लिए रक्षा क्षेत्र में रक्षा इकाइयों के द्वारा विमानों के रखरखाव, मरम्मत और अन्य आवश्यकताओं के लिए पुर्जो के निर्माण में उपयोग होने वाले आयातित कच्चे माल पर भूलभूत सीमा शुल्क में छूट दी जाएगी।

## सेवादल प्रदेश अध्यक्ष का मैहर आगमन आज

**मैहर 7 फरवरी,** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव का मैहर आगमन 8 फरवरी को प्रात: रेवांचल एक्सप्रेस से होगा । आगमन को लेकर सेवा दल जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में मैहर सेवादल परिवार द्वारा आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई। श्री मिश्र ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का प्रथम मैहर आगमन प्रात: 5.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से होगा जहां कांग्रेस जनों व सेवा दल के साथियों द्वारा जिला अध्यक्ष धर्मेश घई एवं अरुण तनय मिश्र के कुशल नेतृत्व में भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रात: 8 बजे मां शारदा माता के दर्शन करेंगे, तत्पश्चात सेवा दल परिवार द्वारा प्रात: 9 बजे से श्री भार्गव के जन्मदिन पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है ।

